Bareilly, Monday,
18 August 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 02 MIDDLE

# SRMS रिद्धिमा में हुआ कवि सम्मेलन

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (17 Aug):** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम "साहित्य सरिता" के अंतर्गत तृतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ. इसमें बहेड़ी की कवियत्री डा. लवी सिंह, शाहबाद (हरदोई) के करुणेश दीक्षित, बरेली के कमल सक्सेना, बदायूं के उज्ज्वल वशिष्ठ, सरिता सिंह और पवन शंखधर ने अपनी रचनाओं के लिए साहित्य प्रेमियों से वाहवाही हासिल की.

साहित्य सरिता का आरंभ लवी सिंह ने किया और अपनी रचना 'यूं तो खुली किताब हूं मैं, पर तुम पढ़ न पाओगे, जितना समेटना चाहोगे, उतनी बिखरती नजर आऊंगी' को सुना कर किया. करुणेश दीक्षित ने 'बहुत बेहोश होता हूं मैं जब बेहोश होता हूं, तुम्हीं से बात करता हूं मैं जब खामोश होता हूं' सुना कर प्रेमियों की भावनाओं को अपने शब्द दिए. गीतकार कमल सक्सेना ने 'यूं तो मैंने कई सिकंदर देखे हैं, लेकिन वक्त पड़ा तो अंदर देखे हैं, हूं तो गांव किनारे का दरिया लेकिन, तेरे जैसे कई समंदर देखे हैं' सुनाया. उज्ज्वल वशिष्ठ ने अपनी कविता 'खुशबुएं मान छुपाने की नहीं होती हैं, सारी बातें भी बताने की नहीं होती.



कवि सम्मेलन में किवयों ने पेश की अपनी रचनाएं.